<u>भारतीय विमानपत्तजन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

नई दिल्ली - 7 मई, 2014 - गोल्ड7 कैटेगरी में गुणवत्ताप एवं प्रौद्योगिकी के लिए फ्रैंकफर्ट, जर्मनी में अंतरराष्ट्रींय आर्क ऑफ यूरोप अवार्ड

बिजनेस इनिशिएटिव डाइरेक्टिव ग्रुप (बी आई डी जी), मैड्रिड (स्पेटन) ने वर्ष 2014 के लिए भारतीय विमानन अकादमी (आई ए ए) को अंतरराष्ट्री-य आर्क ऑफ यूरोप अवार्ड हेतु चुना है । यह अवार्ड आई ए ए के प्रशिक्षणों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रदान किए जा रहे गुणवत्ताापूर्ण प्रशिक्षण के लिए गुणवत्ताे एवं प्रौद्योगिकी हेतु प्रदान किया गया है । यह अवार्ड दिनांक 13 अप्रैल 2014 को फ्रैंकफर्ट, जर्मनी में आयोजित एक समारोह में आई ए ए के निदेशक श्री राजीव गोयल ने बी आई डी ग्रुप के अध्यवक्ष एवं सी.ई.ओ. श्री जोस ई.प्रीटो से प्राप्तग किया तथा इसे भा वि प्रा के अध्यकक्ष श्री आलोक सिन्हाए, आई.ए.एस. को प्रजेन्टप किया ।

नागर विमानन मंत्रालय के तीन आधारभूत संगठनों नामत: भारतीय विमानपत्त न प्राधिकरण, नागर विमानन महानिदेशालय एवं नागर विमानन सुरक्षा ब्यूपरो, भारत सरकार के संसाधनों को मिलाकर प्रशिक्षण एवं विकास के क्षेत्र में स्थानपित आई ए ए, हवाईअड्डा प्रबंधन, अनुरक्षण, हवाईअड्डा संरक्षा एवं विनियमन, मानव संसाधन आदि के क्षेत्र में प्रशिक्षण आयोजित करता है । इस अकादमी को कई अंतरराष्ट्रीषय एजेंसियों जैसे इकाओ, आई ए टी ए, ए सी आई, एफ ए ए, यूरेपियन संघ तथा सी ए टी सी थाईलैंड का सहयोग प्राप्त है ।

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत विवरण हेतु कृपया संपर्क करें :

महाप्रबंधक (जनसंपर्क) 9810025069, 011-24622787

सं. 08/2014-15

बिजनेस इनिशिएटिव डाइरेक्टिव्स0 ग्रुप, मैड्रिड (स्पे2न) द्वारा गोल्डर कैटेगरी में गुणवत्ता एवं प्रौद्योगिकी के लिए भारतीय विमानन अकादमी को अंतरराष्ट्री□य आर्क ऑफ यूरोप अवार्ड प्रदान किया गया । भा वि प्रा के अध्यनक्ष एवं संयुक्त सचिव, नागर विमानन मंत्रालय श्री आलोक सिन्हा , आई.ए.एस., सदस्य (मानव संसाधन) श्री के. के. झा से अवार्ड लेते हुए । चित्र में श्री राजीव गोयल, निदेशक (आई ए ए) एवं श्री जी.एस. बावा, महाप्रबंधक (जनसम्पशर्क), भा वि प्रा भी उपस्थित हैं ।